समर दृष्टि जल जीत लही, मल्लयुद्ध जय पाय,
वीर अग्रणी बाहुबली, वंदो मन वच काय।

ॐ ह्रीं श्रीगोम्मटेश्वर बाहुबली अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।, अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(अथ अष्टक-चाल जोगीरासा)

जन्म जरा मरनादि तृषा कर, जगत जीव दुःख पावै,
तिहि दुःख दूर करन जिनपदको, पूजन जल ले आवै;
परम पूज्य वीराधिवीर जिन, बाहुबली बलधारी,
जिनके चरणकमलको नित प्रति, धोक त्रिकाल हमारी।

ॐ ह्रीं सुवर्णपुरे नवनिर्मित प्रतिष्ठेय श्री बाहुबली मुनीन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

यह संसार मरुस्थल अटवी, तृष्णा दाह भरी है,
तिहि दुःखवारन चंदन लेके, जिनपद पूज करी है। परम पूज्य०
(चंदनं)

स्वच्छ सालि शुचि नीरज रजसम, गंध अखंड प्रचारी,
अक्षयपदके पावन कारन, पूजे भवि जगतारी। परम पूज्य०
(अक्षतान्)

हरिहर चक्रवर्ती सुर दानव, मानव पशु बस याके,
तिहि मकरध्वजनाशक जिनको, पूजो पुष्प चढाके। परम पूज्य०
(पुष्पं)

दुःखद त्रिजग जीवनको अति ही, दोष क्षुधा अनिवारी,
तिहि दुःख दूर करनको चरुवर ले जिन पूज प्रचारी। परम पूज्य०
(नैवेद्यम्)

मोह महातममें जग जीवन, शिव मग नाहीं लखावे,
तिहि निरवारन दीपक कर ले, जिनपद पूजन आवे।
परम पूज्य वीराधिवीर जिन, बाहुबली बलधारी,
जिनके चरणकमलको नित प्रति, धोक त्रिकाल हमारी।

(दीपं)

उत्तम धूप सुगंध बनाकर, दश दिशमें महकावे,
दशविध बंध निवारन कारण जिनवर पूज रचावे। परम पूज्य०

(धूपं)

सरस सुवरण सुगंध अनूपम, स्वच्छ महाशुचि लावे,
शिवफल कारण जिनवर पदकी, फल सों पूज रचावे। परम पूज्य०

(फलं)

वसुविधिके वस वसुधा सब की, परवश अति दुःख पावे,
तिहि दुःख दूर करनको भविजन, अर्घ जिनाग्र चढावे। परम पूज्य०

(अर्घम्)

जयमाला

(दोहा)

आठ कर्म हनि आठ गुण, प्रगट करे जिनरूप,
सो जयवंतो भुजबलि, प्रथम भये शिवरूप।

(कुसुमलता छंद)

जै जै जै जगतार शिरोमणी, क्षत्रिय वंश असंस महान;
जै जै जै जग जनहितकारी, दीनो जिन उपदेश प्रमाण।
जै जै चक्रपति सुत जिनके, सत सुत जेष्ठ भरत पहिचान;
जै जै जै श्री ऋषभदेव तिनसों जयवंत सदा जग जान।।१।।

जिनके द्वितीय महादेवी सुचि नाम सुनंदा गुण की खान;
रूप शील संपन्न मनोहर, तिनके सुत भुजबलि महान।
सवा पंच शत धनुष उन्नत तनु, हरित वरण शोभा असमान;
वैडूर्यजमणि पर्वत मानो, नील कुलाचल सम थिर जान।।२।।

तेजवंत परमाणु जगतमें, तिन करी रच्यो शरीर प्रमाण;
सत वीरत्व गुणाकर जाको, नीरखत हरि हरषे उर आन।
धीरज अतुल वज्रसम नीरज सम वीराग्रणी अति बलवान;
जिनछबी लखी मनु शशीछबी लाजे, कुसुमायुध लीनों सुप्रमान ।।३।।

बालसमै जिन बाल चंद्रमा, शशीसे अधिक धरे द्युतिसार;
जो गुरुदेव पढाई विद्या शस्त्र शात्र सब पढी अपार।
ऋषभदेवने पोदनपुरके नृप कीने भुजबली कुमार;
दई अयोध्या भरतेश्वरको आप बने प्रभुजी अनगार ।।४।।

राजकाज षट्खंड महीपति सब दल लई चढी आये आप;
बाहुबली भी सन्मुख आये, मंत्रीन तीन युद्ध दिये थाप।
दृष्टि, नीर अरु मल्ल युद्धमें दोनों नृप कीजो बल धाप;
वृथा हानी रुक जाय सैनकी, यातै लडीये आपो आप ।।५।।

भरत भुजबली भूपति भाई, उतरे समरभूमिमें जाय;
दृष्टि नीर रण थके चक्रपति, मल्लयुद्ध तब करो अध्याय।
पग तल चलत चलत अचला तब, कंपत अचल शिखर ठहराय;
निषध नील अचलाधर मानो, भये चलाचल क्रोध बसाय ।।६।।

भुज विक्रमबलबाहुबलीने लये चक्रपति अधर उठाय;
चक्र चलायो चक्रपति तब तो भी विफल भये तिहि ठाय।
अति प्रचंड भुजदंड सुंड सम नृप शार्दूल बाहुबली राय;
सिंहासन मंगवाय जासपै अग्रजको दीनों पधराय ।।७।।

राज्यरमा रामासुर धुनमें जोवन दमक दामिनी जान;
भोग भुजंग जंग सम जगको, जान त्याग कीनो तिहि थान।
अष्टापदपर जाय वीर नृप वीर वृत्ति धर कीनों ध्यान;
अचल अंक निरभंग संग तज, संवतसरलों एक स्थान ।।८।।

विषधर बंबी कटि चरणतल, उपर बेल चढी अनिवार;
युगजंघा कटी बाहुवेढी कर पहुंची वृक्षस्थल परसार।
सिरके केश बढ़े जिस मांही नभचर पक्षी बसे अपार;
धन्य धन्य इस अचल ध्यानको महिमा सुर गावे उरधार।।९।।

कर्मनाशी शिव जाय बसे प्रभु, ऋषभेश्वरसे पहले जान;
अष्ट गुणांकित सिद्ध शिरोमणि, जगदीश्वर पद लयो पुमान।
वीरवृत्ति वीराग्रगण्य प्रभु बाहुबली जगधन्य महान;
वीरवृत्तिके काज जिनेश्वर नमैं सदा जिनबिंब प्रमान।।१०।।

(दोहा)

श्रवणबेलगोल विंध्यगिरि जिनवर बिंब प्रधान;
छप्पन फूट उत्तंग तनु खड्गासन अमलान।
अतिशयवंत अनंत बल-धारक बिंब अनूप;
अर्घ चढाय नमों सदा जय जय जिनवर भूप।।

ॐ ह्रीं सुवर्णपुरे नवनिर्मित प्रतिष्ठेय श्री बाहुबली मुनीन्द्राय अनर्ध्यपदप्राप्ताय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जंबूद्वीप सम्बन्धित
समस्त जिन चैत्यालयस्थ जिनबिंब - पूजा

(छंद हरिगीतिका)

द्वीप जंबू विषै जिनथल, कृत्रिम अकृत्रिम है सही।
तिन मांहि 'जिन'के बिंब विलसहि, तिष्ठ है पुनकी मही।
ते सकल प्रतिमा भक्ति करी, मैं जजों मन-वच-कायतै।
वसु द्रव्यतैं तिन पांय पूजो अंग आठ नमायके।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयस्थ जिनबिंब! अत्र अवतरत अवतरत संवौषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयस्थ जिनबिंब! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयस्थ जिनबिंब! अत्र मम सन्निहितो भवत भवत वषट् सन्निधिकरणम्।

(चाल वीरजिनचंद)

निरमल नीर सुहावनोजी, कनकझारी धरि लाय।
जंबूदीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, जनम जरा मिट जाय।
भाई जिन पूजों मन वच लाय।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः जन्म-जरा-मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।१।

चंदन घसु शुभ भावनोजी, निर्मल नीर मिलाय।
जंबूद्वीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, जगत-ताप मिट जाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।२।

अक्षत नख शिख सुध सही जी, उज्ज्वल सुगंध सुलाय।
जंबूद्वीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, अक्षयपद करतार।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।३।

फूल सुगंध सुहावनेजी, अलि गुंजत शुभ लाय।
जंबूदीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, कामभाव नशि जाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः कामबाणविनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।४।

षट् रस जुत नैवेद्य ले जी, मन वच काय लगाय।
जंबूदीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, क्षुधारोग मिट जाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।५।

रतनमई दीपक कियोजी, कनक थाल धर लाय।
जंबूद्वीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, मोह तिमिर नशि जाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।६।

धूप भेलि दश विधि करीजी, परिमल जुत शुभ लाय।
जंबूद्वीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, अष्ट करम क्षय थाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।७।

श्रीफल लौंग बिदाम लेजी, और भले फल लाय।
जंबूद्वीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, अष्ट करम क्षय थाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः मोक्षफलप्राप्ये फलं निर्व०

जल चन्दनको आदि देजी, वसु द्रव अर्घ मिलाय।
जंबूद्वीप तने सकलजी, जिनथल पूजों भाय।।भाई जिन०।।
'जिन' पूजे सुख थल मिलेजी, अजर अमर तन थाय।।भाई जिन०।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घम्०

(छंद जोगीरासा)

जंबू द्वीप सु खेतर मांही, है जेते जिनगेहा।
रतनमई वो बिगर किये हैं, ध्रुव सदा सिध जेहा।
कीर्तम कनकमई इत्यादिक, सहित विनय तिस मांही।
तिन सबको मैं मन वच तन करि, जजों चरण हित लाही।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधी जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

तीस चार वैताढ सोल वक्षार जी।
दोय विरछ षट कुलाचला लख सार जी।
षोडश वनके थान चार गजदंत हैं।
ह्यां इक इक जिनभवन जजों ते संत हैं।

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरुसंबंध्यष्टसप्ततिअकृत्रिमजिनालयेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(छंद वेसरी)

जंबू द्वीप विषै जिन गेहा, तिनकी माल सुनो करि नेहा।
सुनते ज्ञान होय सुख पावै, पुण्य बढै अद्भुत जस ल्यावै।।१।।

(छंद पद्धरि)

जिनथान दीप जंबू मँझार, लख मेरु सुदर्शन तीर्थ सार।
तिस ऊपर जिनके थान जोय, सो पूजों मन वच कर्म धोय।।२।।
गजदंतों पे जिनगेह जान, बिन किये रतनमय शुभ निधान।
तहां रतनबिंब अति शुभ सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।३।।
तरु शाल्मली जंबू सुजान, तिनपे जिनमंदिर अचल मान।
तिन मांहि रतनमय बिंब जोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।४।।
षट् जानि कुलाचल गिरि सु सार, तिनपे जिनमंदिर पाप जार।
तिनपे जिनमंदिर सुभग सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।५।।
भरत ऐरावत बैताड़ जानि, तिनपै जिनमंदिर अचल मानि।
प्रतिमा तिनमें मणिरूप जोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।६।।
पूरब विदेह वैताड़ मांहि, जिनमंदिर मणिमय अचल ठांहिं।
है अचल बिंव जिन माँहि सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।७।।
पश्चिम विदेह वैताड़ थाय, जिनगेह तिनोंके शीश ठांय।
जिनविंब तिनोंमें जान सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।८।।
वक्षार शिखरके शीश पांय, पूरब विदेहके मांहि थाय।
तिनमें जिनमंदिर तीर्थ सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।९।।
पश्चिम विदेह वक्षार जान, तिन शीश गेह जिनके सु मान।
प्रतिमा मणिमय तिन माँहि सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।१०।।
जे नदी परवत माँहि थाय, जिनगेह और विन किये पाय।
तिनमें प्रतिमा जिन शीश सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।११।।
जे किये थान कैलास माँहि, मंदिर तिनके अति सुभग थाहि।
तहां प्रतिमा विनय स्वरूप सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।१२।।
भरत ऐरावत माँहि पाय, भवि करवाये जिनथान थाय।
तहां विनय सहित जिनबिंव सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।।१३।।

जे होय विदेह सु पूर्व माँहि, जिनभवन भव्य कृति सुभग ठाँहि।
तिन मांहि विनयजुत बिंब सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।१४।

जो पछिम विदेह मँझार जानि, चैत्यालय भवि कृति जोग मानि।
जुत विनय तिनोंमें विंब सोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।१५।

जे तीर्थस्थान सुकृत निधान, है सिद्धक्षेत्र महिमा सुथान।
तहां सुर नर पूजै दीन होय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।१६।

जे अतिशय क्षेत्र सु पूज्य थाय, ते विनय सहित जिनबिंव पाय।
पूजैतें सुकृत लाभ होय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।१७।

इत्यादिक जम्बू दीप माँहि, जिनथान बिंब जिन विनय ठाँहि।
सिद्धक्षेत्र अतिशयक्षेत्र जोय, ते पूजों मन वच हर्ष होय।१८।

(दोहा)

क्षेतर जंबूदीपके, हो संबंध जिनथान।
तिन पूजै सुख थल मिले, ते पूजों हठ ठान।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि समस्त जिनचैत्यालयजिनप्रतिमाभ्यः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वानुभूति तीर्थ स्वर्णमें छाया हर्ष अपार,
मेरु जम्बूदीपकी रचना मंगलकार।
गुरुवर कहान प्रतापसे, श्री जिनवृंद महान,
मंगल मंगल सर्वदा, मंगलमय गुरुराज।
सुधाशीष बरसा रही, भगवती चंपा मात,
मुक्तिपथ गामी बनूँ, मुझ अंतर अभिलाष।

। इत्याशीर्वाद।

स्वानुभूति-तीर्थ स्वर्णपुरी पूजा

(राग–सम्यक् सुक्षायिक जान)

स्वात्मानुभूति-प्रधान सुमंगल-स्वर्णपुरी,
संतोकी साधनाभूमि, अध्यातम तीर्थ बनी,
"तू परमातमा है", ये गाजे गुरुवाणी,
गुरुकहानका यह वरदान, सुंदर स्वर्णपुरी।

ॐ ह्रीं श्री सौराष्ट्रदेशस्थ स्वर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु विराजमान-जिनबिंबानि ! अत्र अवतरत अवतरत संवोषट् इति आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं श्री सौराष्ट्रदेशस्थ स्वर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु विराजमान-जिनबिंबानि ! अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः इति स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्री सौराष्ट्रदेशस्थ स्वर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु विराजमान-जिनबिंबानि ! अत्र मम सन्निहितानि भवत भवत वषट् इति सन्निधिकरणम्।

उज्ज्वल जल शीतल लाय सुवरण कलश भरे,
सब जिनवरजीको चढ़ाय ज्ञानामृत पावे,
अनुभूति तीर्थमहान, सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान, मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः जलं निर्व०

कश्मीर सुकेसर ल्याय चंदन सुखकारी,
श्री जिनवरजीको चढ़ाय शांतिसुधा पावे,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः चंदन निर्व०

शुभ शालि अखंडित ल्याय, प्रभुजीके चरण धरूं,
अक्षयपद प्राप्ति काज अखंडित ध्यान करूं,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः अक्षतान् निर्व०

पंचवरणमय दिव्य फूल अनेक कहे,
श्री जिनवर पूजत पाद बहुविध पुण्य लहे,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः पुष्पं निर्व०

फेणी खाजा पकवान, मोदक-सरस बने,
जिन चरणन देत चढ़ाय, दोष क्षुधादि टले,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः नैवेद्यम् निर्व०

दीपककी ज्योति जगाय मिथ्या तिमिर नशे,
तव चरनन सन्मुख जाय भव भव रोग टले,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यो दीपम् निर्व०

वर धूप सु दस विधि ल्याय, दस दिशि गंध भरे,
सब कर्म जलावत जाय, मानो नृत्य करे,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः धूपं निर्व०

ले फल उत्कृष्ट महान, जिनवर पद पूजूं,
लहुं मोक्ष परम शुभ-थान, तुम सम नहीं दूजो,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः फलं०।

भरि स्वर्णथाल वसु द्रव्य अर्चूं कर जोरि,
प्रभु सुनियो विनती नाथ, कहूं मैं भाव धरि,
अनुभूति तीर्थमहान सुवर्णपुरी सोहे,
यह कहानगुरु वरदान मंगल मुक्ति मिले।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरीतीर्थे सर्वजिनायतनेषु बिराजमान-जिनबिंबेभ्यः अर्घं निर्व०

जयमाला

(राग–जय केवलभानु; छंद तोटक)

यह स्वर्णपुरी अति पावन है, मंगल मंगल मंगलकर है।
यह मुक्तिमार्ग प्रकाशक है, स्वानुभूतितीर्थ अति मंगल है॥
स्वर्णिम आभा है स्वर्णपुरीकी, स्वर्णिम है इतिहास बना।
गुरुवरकी अध्यातम वाणीसे, निर्मित यह तीरथधाम महा॥
सातिशय जिनवरमंदिर है, दिव्यमूरति सीमंधरजिनकी।
जिनके दर्शनकर जगप्राणी, आतमशांति सुख पाते हैं॥
विदेही चितार है समवसरण, जहाँ कुंदप्रभुजी पधारे हैं।
उन्नत मानस्तंभ दिव्य महा, विदेहीनाथ बिराजे हैं॥
परमागम मंदिर अद्‌भुत है प्रभु महावीरकी मूरति है।
कुंदकुंद चरण अभिराम बने, पंच परमागम श्रुतमंदिरमें॥
पंचमेरु नंदीश्वरधाम बना, भावि जिनवरजी बिराजित हैं।
आदिनाथ प्रभु अरु जिनवरवृंद, रत्नजड़ित वचनामृत हैं॥
स्वाध्यायमंदिर बना अति सुंदर, जहाँ कहानगुरुने वास किया।
पैतालीस वर्षो तक जहाँ गुरुने, आतमका ही ध्यान किया॥
अनुभवभीनी वाणी बरसी, मानो अमृत धारा बरसी।
गुरु-वचनामृतसे सारे जगमें, फैली आतमकी हरियाली॥
प्रवचनमंडप सुविशाल अहा, गुरु प्रभावनाका स्मारक है।
पौराणिक चित्रावलि अंकित, पंच परमागम हरिगीत रचे॥

जंबूदीप रचना न्यारी है, शाश्वत जिन प्रतिमा प्यारी है।
गजदंत, कुलाचल, मेरुगिरि, विजयार्ध, वक्षार सुसुंदर है।।

विदेही सीमंधर युगमंधर, बाहु-सुबाहु जिन सोहे हैं।
भरतैरावतके शाश्वत जिन, सुवर्णपुरीमें पधारे हैं।।

दिव्यमूर्ति बाहुबल जिनकी, अति सुंदर अचरजकारी है।
गुरुकृपा मेघामृत बरसे, गाजत जय जय जयकारी है।।

प्रशममूर्ति मात भगवती, स्वानुभूतिविभूषित रत्न अहो।
ज्ञान वैराग्य भक्तिका संगम है, स्मृतिज्ञान अलौकिक मंगल है।।

जयवंत रहो जयवंत रहो, स्वानुभूतितीर्थ जयवंत रहो।
तारणहारे गुरुदेवका यह, स्वानुभूतितीर्थ जयवंत रहो।।

ॐ ह्रीं श्री सुवर्णपुरी-अध्यात्मतीर्थे जिनमन्दिरे बिराजमान श्री सीमन्धरस्वामी, पद्मप्रभ, शान्तिनाथ, उपरतले विराजमान नेमिनाथ आदि पंचबालयति जिनेन्द्र; समवसरणे बिराजमान श्री सीमन्धरस्वामी, तत्पादमूल-विराजमान श्री कुन्दकुन्दाचार्यदेव; मानस्तम्भे चतुर्दिक्षु बिराजमान श्री सीमन्धरस्वामी; परमागममन्दिर बिराजमान भगवान श्री महावीरस्वामी, श्री समयसार आदि पंचपरमागम, श्री कुन्दकुन्दाचार्य-चरणचिह्न; 'गुरुदेवश्रीके वचनामृत' तथा 'बहिनश्रीके वचनामृत' इति उभयाभ्यां विभूषित पंचमेरु-नन्दीश्वरजिनालये बिराजमान भगवान श्री आदिनाथ, धातकीखण्ड विदेही भावी तीर्थंकर, जम्बू-भरतस्य भावी श्री महापद्म जिनवर; पंचमेरौ तथा नन्दीश्वर-द्वापंचाशत्-जिनालये बिराजमान सर्व शाश्वत जिनेन्द्र; प्रवचनमण्डपस्थ जिनालये नवनिर्मित पार्श्वनाथ भगवान, सीमंधर भगवान, धातकीखण्ड विदेही भावि तीर्थाधिनाथ जिनेन्द्रः; नवनिर्मित बाहुबली मुनीन्द्र एवं मेरु-जम्बूद्वीप आयतने विराजमान सर्व कृत्रिम-अकृत्रिम-शाश्वत जिनेन्द्रभ्यः, स्वाध्यायमन्दिरे प्रतिष्ठित श्री समयसार–इत्यादि सर्व वीतरागपूज्यपदेभ्यः पूजनार्थे महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ऐसी मंगलमाल यह, जिन-गुरु-मात प्रताप,
भव-भव पाऊँ साथ तुम, स्वर्ग-मुक्ति दो आप।

। इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

विभाग-२ मंडल विधान

कविवर टेकचन्दजी कृत

* श्री पंचपरमेष्ठी पूजन विधान भाषा *

मंगलाचरण स्तुति

(दोहा)

मनरंजन भंजनकरम, पंच-परमगुरु-सार।
पूजत हैं सुर-नर-खगा, पावत हैं भवपार।।१।।

(सोरठा)

प्रथम देव अरिहंत, गर्भ आदि षट् मासके।
मणिमय नगर करंत, पीछे जिन अवतार ले।।२।।

(चौपाई)

पर परजाय छांडि जिनराय, गरभ विषै अवतार धराय।
तब षोड़स सुपना मा लेय, तिनकी कथा सुनो पुनि जेय।।३।।

(अडिल्ल छंद)

ऐरावत गज वृषभ सफेद सुजानिये,
सिंह पुष्पकी माल लक्ष्मी हित दानिये।
पूरण शशी रवि कुंभ दोय शुभ देखिया,
मच्छ-जुगल जल-थान केलि जुत पेखिया।।४।।

(पद्धरी छंद)

सरवर कमलन करि पूर्ण जोय, जलराशि समुद्र फिर लख्यो सोय।
सिंहासन सुरग-विमान जान, धरणेंदर देख्यो जान मान।।५।।

(गीता छंद)

रतन-राशि निहार अगनी धूम बिन जोई सही।
ये सुपन लखि मा हरष पायौ फेरि जिन जनमे सही।।
विधि तरन पुन तप ठानि अघ हरि, ज्ञान केवल पाय है।
तब होय अतिशय नाम सुनि अब जनम ते इस थाय है।।६।।

(छन्द वेसरी)

तब होय दस जिन लहै सु ज्ञानो, चौदह अतिशय सुरकृत मानो।
आठ प्रातिहारज शुभ होवै, अनंत चतुष्टै सब मल खोवै ।।७।।

(चाल छन्द)

ये छ्यालिस गुण जुत देवा, विचरे संग द्वादस भेवा।
छबि देखि समोसर्न केरी, हरि-सुर पूजैं करि फेरि ।।८।।

(चाल जोगीरासेकी)

फेरि सिद्ध गुण आठ जु पाये, आठ करम ही जारै।
होय निरंजन चेतनमूरति लोकशिखर थिति धारै ।।
आचारज गुण धार छत्तीसों सुनि तिन कथा सोहाई।
दसधा धर्म, तप द्वादस गाये, पंच अचार सुभाई ।।९।।

(जिनजयकी चाल)

गुप्ति तीन षट आवसी सब मिलि होय छत्तीसा जी।
बहुश्रुत गुणपच्चीस हैं अंग पूरव सब पूरा जी।
बहुश्रुत पूजों भावसों।
बीस आठ गुण साधुके तहां पंच महाव्रत सारो जी।
पंच समिति, पंच अखि-दमै, षट् आवसि भेद सु धारो जी।
ते गुरु अति सुखकार हैं ।।१०।।

(कड़खा छन्द)

भूमि सोवैं सदा मंजन ते ना करैं, त्याग वस्त्र तनों सीस लुंचै।
खाय इक बार थिति सुभग ठानैं सदा, दंतधोवन तजैं साध मानैं ।।११।।

(चाल-सुनभाईरे की)

येही पंचगुरु पूजिये सुनि भाईरे जो चाहै भवपार।
चेत मन भाईरे।
येही भवदधि नाव हैं सुनि भाईरे, को पुन्यतें यह पाय।
चेत मन भाईरे ।।१२।।

(कड़खा छन्द)

येही परमेष्ठी जो पाँच जगपूज्य हैं, मोह सो सुभट इन हेरि मारयौ।
शेष कर्म सात तब परे कस गिनति मैं, मारि के भवनमैं काज सारयौ॥
आप भव तिर गये और काढन भये, धारि करुणा जगत जीव केरी।
दीनको तार संसार-हर देव हैं, मेटि हैं भगतकी जगत फेरी॥१३॥

इति मंगलाचरण स्तुति पाठे पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

अथ समुच्चय पूजा

(स्थापना; चाल-पंच मंगलकी)

पंच परमगुरु सब सुखदाई, पूजो भविजन हरष बढ़ाई।
तिनके पद सुर हरि नित्य सेवैं, पूरव अघ वन को धो दैवें॥
दैवें जु वहनी सकल वनकूं, और कहो कहा गाइये।
ताके सुफल भव छांडि भविजन मुक्ति रमणी पाइये॥

ॐ ह्रीं परमब्रह्माणः पंचपरमेष्ठीजिनसमूह! अत्रावतरावतर संवौषट्! आह्वानम्।

ॐ ह्रीं परमब्रह्माणः पंचपरमेष्ठीजिनसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः! स्थापनम्।

ॐ ह्रीं परमब्रह्माणः पंचपरमेष्ठीजिनसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्। सन्निधिकरणम्।

अथाष्टक

(चाल-जोगीरासेकी)

झारी कनक सुधाट मनोहर निर्मल नीर भराई।
जिन, सिद्ध, आचारज, अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई॥१॥

ॐ ह्रीं परमब्रह्माणे पंचपरमेष्ठिभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन बावन निर्मल पानी घसिकर लेकर आई।
जिन, सिद्ध, आचारज, अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई॥२॥

ॐ ह्रीं परमब्रह्माणे पंचपरमेष्ठिभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत नख सिख सुगंध शुभ नैननको सुख दाई।
जिन, सिद्ध, आचारज, अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।३।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठीभ्यो अक्षयपदप्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरद्रुम पहुप सुगंध मनोहर, मोहत भृंग-चित भाई।
जिन, सिद्ध, आचारज, अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।४।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठिभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

षट् रस जुत नैवेद्य पवित्तर, क्षुधा नाशन लाई।
जिन, सिद्ध, आचारज अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।५।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठिभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रतन दीप धरि थाल आरती हरषित चित ले भाई।
जिन, सिद्ध, आचारज अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।६।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठिभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दसधा धूप मिलाय अग्नि मधि खेऊं अति उमगाई।
जिन, सिद्ध, आचारज अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।७।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठिभ्योडष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीफल लौंग सुपारी खारक सुर-शिव-फलदा भाई।
जिन, सिद्ध, आचारज अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।८।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठिभ्यो मोक्षफलप्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत पुह चरु ले दीप धूप फल दाई।
जिन, सिद्ध, आचारज अरु बहुश्रुति, साधु जजों हरषाई ।।९।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे पंचपरमेष्ठिभ्योअनर्धपदप्राप्तायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

अरहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय साधु जी,
येही पंच भव तार भव्य अघ मादजी।
पूजत सुर नर खगा मुक्ति-फल कारनै,
तातें मैं भी जजों पाप हठ टारने ।।१०।।

ॐ ह्रीं परमब्रह्मणे अर्हतादिपंचपरमेष्ठिभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरिहंत पूजा

(हरिगीत)

प्रभु तरन तारन कमल ऊपर, अंतरीक्ष विराजिया,
यह वीतराग दशा प्रत्यक्ष विलोकि भविजन सुख लिया।
मुनि आदि द्वादश-सभाके भवि जीव मस्तक नायकै,
बहु भान्ति बारंबार पूजें, नमैं गुणगण गायकै।।

ॐ ह्रीं षट्चत्वारिंशद्गुणसहित-अर्हत्परमेष्ठी! अत्रावतरावतर संवौषट्! आ०

ॐ ह्रीं षट्चत्वारिंशद्गुणसहित-अर्हत्परमेष्ठी! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः! स्था०

ॐ ह्रीं षट्चत्वारिंशद्गुणसहित-अर्हत्परमेष्ठी! अत्र मम सन्निहितो भव भव! वषट् सं०

अरिहन्तके ४६ गुणके पृथक् पृथक् अर्घ

जन्मके दश अतिशय

(चौपाई)

जनमत दस अतिशय जिन लेय, पूजे सुर नर हर्ष धरेय।
नाहि पसेव होय तन मांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि।।१।।

ॐ ह्रीं पसेवरहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मल नहि होय तास तन मांहि, निरमल देह होय सुख दांहि।
ये अतिशय जिन तनमैं पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि।।२।।

ॐ ह्रीं मलरहितान्वितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सहस थान सम चतुर जु होय, और घाट कबहूं नहि जोय।
ये अतिशय जिन जनमत पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि।।३।।

ॐ ह्रीं समचतुरस्रसंस्थानान्वितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

संहनन वज्र-वृषभ जो होय, अद्भुत महिमा धारै सोय।
ये अतिशय जिन जनमत पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि।।४।।

ॐ ह्रीं वज्रवृषभनाराचसंहननसहितजिनेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

होय शरीर सुगंध अपार, नासिक विषै लुब्ध करतार।
ऐसी शोभा अन्य न पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि ।।५।।

ॐ ह्रीं सुगंधितशरीरसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ऐसो रूप जिनेश्वर लहै, कामदेव कोटिक छबि जहैं।
ये अतिशय जनमत जो पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि ।।६।।

ॐ ह्रीं महारूपातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भले भले लक्षण सो जान, गुण अनेक तनी है खान।
ये शुभ छबि सो जनमत पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि ।।७।।

ॐ ह्रीं शुभलक्षणातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जनमत ही जिनके तन होय, श्रोनित स्वेत वरन अवलोय।
ये अतिशय धारै तन मांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि ।।८।।

ॐ ह्रीं श्वेतवर्ण श्रोणितातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ऐसो वचन कहै मुख सोय, तिनको सुनि जन मोहित होय।
मधुर मिष्ट वच अति सुख दाई, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि ।।९।।

ॐ ह्रीं मधुरवचनातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ताके बल सम और न धाम, है बल अनंत जिनेश्वर ठाम।
जनमत ही बल अतिशय पांहि, सो जिन पूजों अर्घ चढांहि ।।१०।।

ॐ ह्रीं अनंतबलातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इति जनमके दस अतिशय समाप्त।

केवलज्ञानके दश अतिशय

(अडिल्ल छंद)

समवसरण जुत जहाँ जिनेश्वर थिति करें,
तहं ते जोजन इक शत दुरभिख ना परे।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है ।।१।।

ॐ ह्रीं शतयोजनदुर्भिक्षनिवारकजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जब जिन केवल लहैं गमन नभमें करें,
देव असंख्या गैल भक्ति मुख उच्चरें।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।२।।

ॐ ह्रीं आकाशगमनातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर जहाँ थिति करें सदा हित दायजी,
तिस थानक नहिं कोय मारने पायजी।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।३।।

ॐ ह्रीं अदयाभावातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

देव नरा पशु खगा और को दुठ तनी,
इसको उपसर्ग नाहिं बानि जिन इम भनी।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।४।।

ॐ ह्रीं उपसर्गरहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षुधा अति दुःख करे जगत इस वसि परयौ,
सो जिन कवल-अहार खान सब परिहरयौ।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।५।।

ॐ ह्रीं कवलाहाररहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

समवसरण जव देव जिनेश्वर थिति करैं,
तब मुख दीसें चार भुवनकों सुख करैं।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।६।।

ॐ ह्रीं चतुर्मुखविराजमानजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

प्राकृत संस्कृत देश सकल भाषा सही,
सब विद्या अधिपति सकल जानन मही।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।७।।

ॐ ह्रीं सकलविद्याधिपत्ययुतजिनेन्द्रेभ्योऽर्घंनिर्वपामीति स्वाहा।

पुद्गल तन आकार मूरती बन रहयौ,
ताकी छाया नांहि होय अचरज भयौ।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।८।।

ॐ ह्रीं छायारहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नख कच तन जो होय बढ़न तिनको रह्यो,
है जैसे ही रहैं एक गुण यह लह्यौ।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।९।।

ॐ ह्रीं नखकेशवृद्धिरहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नेतर का टिमकार नाहि भौं कच हलैं,
नासागर दिठ सदा काल जिन ध्रुव तुलैं।
ऐसो अतिशय केवल उपजे होय है,
ताके पद सुर नरा जजैं मद खोय है।।१०।।

ॐ ह्रीं नेत्रभ्रूचपलतारहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(सोरठा)

ये दस अतिशय सार, केवल उपजे जिन लहैं।
सो जिन हैं भवतार, सेवौ भवि वसु द्रव्यतें।।११।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानस्यदशातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(इति केवलज्ञानकके दश अतिशय समाप्त)

देवकृत चतुर्दश अतिशय

(सोरठा)

अर्थ मागधी वानि, सब जीवन सुख दाय है।
अतिशय जिनको मान, देव सहाई धुन कहे ।।१।।

ॐ ह्रीं अर्द्धमागधीभाषासहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जहाँ जिनकी थिति होय, सकल जीव मैत्री समा।
अतिशय जिनको जोय, देव निमित धुनि वरनयो ।।२।।

ॐ ह्रीं सर्वजीवमैत्रीभावयुतजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

षट् रितुके फल फूल, फलैं जहाँ जिन थिति करैं।
जिन अतिशय सुखमूल, देव निमित-मातर सही ।।३।।

ॐ ह्रीं षट्ऋतुफलपुष्पसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दर्पन-सी सब भूमि, होय जहाँ जिन विचरि हैं।
जिन अतिशय अघ होमि, देव निमित-मातर कहै ।।४।।

ॐ ह्रीं दर्पणसमभूम्यतिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मंद सुगंधी पौन, होय सकलकूं हितकरा।
जिन अतिशय शुभ सौनि, मोक्ष गमनकों है सही ।।५।।

ॐ ह्रीं सुगन्धितपवनातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सर्व जीव आनन्द, होय जहाँ जिन विचरि हैं।
कटत पापके फंद, देव निमित-मातर सही ।।६।।

ॐ ह्रीं सर्वानन्दकारकजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कंट रहित भू होय, अतिशय तो जिनदेवकों।
देव निमितको सोय, पूजों शिव सुर अवतरे ।।७।।

ॐ ह्रीं कंटकरहितातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गंधोदक शुभ वृष्टि, देव करैं अति शुभ लहैं।
सुख पावत लखि सृष्टि, महिमा जिनवर देवकी ।।८।।

ॐ ह्रीं गंधोदकवृष्टयतिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वषामीति स्वाहा।

जिनपद पूजैं देव, कमल रचै हित कारने।
अद्भुत महिमा लेव, भाषित जिन सब भवि करो ।।९।।

ॐ ह्रीं पद्मलेकमलरचनायुतजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

निरमल होय अकाश, सब जीवन सुखकारजी।
अतिशय जिन सुख राशि, देव करें उर भक्ति तैं ।।१०।।

ॐ ह्रीं गगननिर्मलातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब दिश निरमल होय, धूम खेह वरजित सुभग।
अतिशय जिनको जोय, देव करैं वशि भक्ति के ।।११।।

ॐ ह्रीं सर्वदिशानिर्मलातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

देव करैं जयकार, ताकरि नभ बहरो कियौ।
अतिशय जिनको सार, देव भक्ति वशि उच्चरें ।।१२।।

ॐ ह्रीं जयजयशब्दातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्मचक्र सुर लेय, अगवानी नित संचरै।
अतिशय जिनको जोय, देव करै वशि भक्तिके ।।१३।।

ॐ ह्रीं धर्मचक्रातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मंगल द्रव्य वसु जानि, देव लेय आगे चलैं।
अतिशय जिनको मान, देव सहायक भक्तिके।।१४ ।।

ॐ ह्रीं वसुमंगलद्रव्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(वेसरी छंद)

पंखो चमर छत्र कुंभ भाई। झारी दर्पण पड़घा थाई ।।
साथ्यो मिलि वसु मंगल थानो। ये चौदह देवों कृत मानों ।।

ॐ ह्रीं देवकृतचतुर्दशातिशयसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(इति देवकृत चतुर्दश अतिशय समाप्त।)

अष्ट प्रातिहार्य

(भुजंगी छंद)

कहों प्रातिहार्य वसु हरष दाई,
तहां विरछि अशोक नहीं शोक दाई।
लखें तासको शोक हेरो न पावै,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवै ।।१।।

ॐ ह्रीं अशोकवृक्षप्रातिहार्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

देव सुरद्रुम के फूल ल्यावैं,
महा भक्ति वशि मेघ ज्यों ते चलावैं।
मनो जोतिषी ज्यान नभसे सुध्यावैं,
ये महा गुण जिन बिना नाहि आवैं ।।२।।

ॐ ह्रीं पुष्पवृष्टिप्रातिहार्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दिव्य धुनि सकल जीवको सुहाई,
सुनैं पाप खय होय भला पुन्य दाई।
नमैं देव खग और सबै पाप जावै,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवैं ।।३।।

ॐ ह्रीं दिव्यध्वनिप्रातिहार्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चमर गंध धारा जिमै शोभ दाई,
चले देव कर वोपमा अधिक थाई।
घने जीव मुखते प्रभू भक्ति गावैं,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवैं ।।४।।

ॐ ह्रीं चतुःषष्टिचामरवीज्यमानजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जग पूज्य सिंहपीठ भगवान केरौ,
नमै तास को नाशि है जगत फेरौ।
लगे कनक जुत रतन बहु शोभ द्यावैं,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवैं ।।५।।

ॐ ह्रीं सिंहासनप्रातिहार्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

महा जोति जिनतन तनी चक्र थायौ,
प्रभामंडल ताने भलो नाम पायौ।
लखे तास को सात भौ दरसि आवैं,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवैं।।६।।

ॐ ह्रीं प्रभामंडलप्रातिहार्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

घनी जातिके देव बाजे बजावैं,
तिको दुंदुभि शब्द शुभ नाम पावैं।
भनै देव मुख बीनती हरष ल्यावैं,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवैं।।७।।

ॐ ह्रीं देवदुंदुभिप्रातिहार्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जड़े कनक नग छत्र मणि दंड धारै,
लगी माल मोतिनकी लिपटि सारै।
मनो तीन जग जीव को छाय आवै,
ये महा गुण जिन बिना नाहिं आवै।।८।।

ॐ ह्रीं छत्रत्रयप्रातिहार्यविभूषितजिनेन्द्रेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छंद)

वृक्ष अशोक सिंहासन भामंडल चमर।
पुहुपवृष्टि दिव्यधुनि दुंदुभि छत्र वर।
ये वसु प्रातिहार्य जिनों के होय हैं।
इन बिन ये नहिं और देव के सोय हैं।।९।।

ॐ ह्रीं वसुप्रातिहार्यविभूषितजिनेन्द्रेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(इति अष्ट प्रातिहार्य समाप्त)

अनंत चतुष्टय

(वेसरी छंद)

ज्ञान अनंतानंत जनावै, तीन लोक त्रिय काल लखावै।
सर्वज्ञपनों तासतें होई, ये गुण जिन बिन लहै न कोई।।१।।

ॐ ह्रीं अनंतज्ञानसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दरसन अनंत अनंत हि जोवै, जो जो भई, होय, फिर होवै।
यातें भी सर्वज्ञ पद होई, ये गुण जिन बिन लहै न कोई ।।२।।

ॐ ह्रीं अनंतदर्शनसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सुख अनंत मोह-हरि होवै, बाधा अनंतकाल नहि जोवै।
सुख अनंत बिन देव न होई, ये गुण जिन बिन लहै न कोई ।।३।।

ॐ ह्रीं अनंतसुखसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अंतराय भट जिन जय लीनो, तिन भव-दुख-हरि कारज कीनो।
अनंत वीर्य प्रकाशन होई, ये गुण जिन बिन लहै न कोई ।।४।।

ॐ ह्रीं अनंतवीर्यसहितजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(अडिल्ल छन्द)

दस जनमत दस केवल उपजे होय है।
चौदह सुरकृत अनंत चतुष्टैं सोय है।
प्रातिहार्य वसु सब मिलि गुण छ्यालीस जी।
इन अतिशय जुत होय सोय जगदीशजी ।।५।।

ॐ ह्रीं षट्चत्वारिंशद्गुणसहितजिनेन्द्रेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(वेसरी छन्द)

जिन अतिशय छ्यालीस सुपावै, ताकी कथा सकल मन भावै।
ते भवि चित दे सुनो बखानौ, तातें होय पाप मल हानौ ।।१।।
जनमत दस पसेव नहि होई, सहसथान समचतुर सुजोई।
संहनन वज्रवृषभनाराचै, मल नहिं तन सुगंध शुभ माचै ।।२।।
महा रूप शुभ लच्छन होहै, स्वेत रुधिर वच मधुर सुसोहै।
बल अनंत जिन-तनमैं पावै, जनमत तो ए दश गुण थावैं ।।३।।
केवलज्ञान भये दस जानौ, शत जोजन दुरभिच्छ न मानौ।
नभमैं गमन, दया सब ल्यावै, उपसर्ग नाहि देवके थावै ।।४।।

कवल अहार नहीं जिन केरो, चव मुख दीखे छाँह न हेरो।
सब विद्याके ईश्वर होई, नख अरु केश बढ़ै नहि कोई ।।५।।

आँखिनकी भौं टिमके नाही, ये दस केवल उपजे थाही।
अब सुनि देव चतुरदस ठानै, अर्द्धमागधी भाषा माने ।।६।।

सकल जीवके मैत्रीभावो, सब रितुके फल-फूल फलावों।
दरपन समान भूमि तहाँ होई, मंद सुगंध पवन शुभ जोई ।।७।।

सब जीवनको आनन्द होवै, भूमि कंटिका रहित सु सोवै।
गंधोदक की वरषा जानौ, पद तल कमल रचत हित थानौ ।।८।।

निरमल गगन देव जय वानी, दसों दिशा निर्मल अधिकानी।
धर्मचक्र वसु मंगल ठानौ, ये चौदह देवा कृत मानौ ।।९।।

अब सुनि प्रातिहार्य वसु भाई, वृक्ष अशोक पुहुप वृष्टि थाई।
दिव्यधुनि चमर सिंहासन जानो, भामंडल दुंदुभि सुख दानौ ।।१०।।

छत्र सहित वसु जानौ भाई, फिरि सुचारि चतुष्टै थाई।
दर्शन ज्ञान वीर्य सुख भेवा, ये छ्यालीस गुण जुत हैं देवा ।।११।।

ये गुण जामै देव प्रसिद्धा, इन विन और देव सब अंधा।
याते देव परखि करि सेवो, सुरग मुक्ति सुखको भवि लेवो ।।१२।।

(धत्ता)

जहां ये गुण होई, देव जु सोई, मंगल कर्ता भव्यनको।
सो मोको तारो, या जग प्यारो, दे अपनी थुति सब जनको ।।१३।।

ॐ ह्रीं षट्चत्वारिंशद्गुणसहितजिनेन्द्रेभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(इति अरहंत देव पूजा समाप्त)

सिद्ध पूजा

(अडिल्ल छंद)

आठों कर्म निवारि धारि गुण आठ जू,
भये निरंजन छिनमैं सुखके ठाठ जू।
बातवलै तन ठ्ये लोकत्रिय-पति भये,
ते सिद्ध नमो सुभाय ज्ञान मूरति ठ्ये।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठी! अत्रावतरावतर संवौषट् इत्याह्वानम्।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठी! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठी! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।।

(पद्धरि छंद)

ये ज्ञानावरनी पंच वीर, जिन घात्यौ जिय गुण ज्ञान धीर।
सब वरनी घाति लयो सुज्ञान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।१।।

ॐ ह्रीं पंचप्रकारज्ञानावरणीयकर्मविनाशक सिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नव दरशन वरनी दरश छाय, इन घाते ते भगवान थाय।
सो धरे अनंत दरशन सुथान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।२।।

ॐ ह्रीं नवप्रकारदर्शनावरणीयकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म एक वेदनी दोय भेव, मोहिको सुख दुःख देवैं स्वमेव।
हरि वेदनि होय अबाध थान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।३।।

ॐ ह्रीं द्विप्रकारवेदनीयकर्मरहितसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह दो प्रकार वसि जगत जोर, तिन जिय गुण सम्यक् हण्यो सोर।
तिस मोहकों जीते जगत जान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।४।।

ॐ ह्रीं द्विविधमोहकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म आयु चार वशि जगत जेर, खोडे पग ज्यों परवशि पड़ेर।
तिन आयु घाति अवगाह ठान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।५।।

ॐ ह्रीं चतुःप्रकारायुकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म नाम चतेरा ज्यौं बखान, इन घाति अमूरति भये सुजान।
गति-स्वांगधरन त्यागो महान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।६।।

ॐ ह्रीं नामकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ये गोत्र कर्म दोय विधि सरूप, ता वशि कबहूं फेर रंक भूप।
ये नाशि अगुरुलघु गुण सुमान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।७।।

ॐ ह्रीं गोत्रकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

विधि अन्तराय कर्म पाँच भेव, तिन जियको गुण घात्यो स्वमेव।
ताको हति केवल अनंत ठान, ते सिद्ध जजों त्रिय जग प्रधान।।८।।

ॐ ह्रीं पंचप्रकारांतरायकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(गीता छन्द)

ज्ञानदरशन आवरण वेदनी मोह जुतं हनी।
आयु नाम रु गोतकर्म अंतराय हरि कीनी मनी।
ये आठ कर्म हरि दाहि, आतम आपको पद शुध कियौ।
ते भये तीनो लोक नायक नमो ध्रुव चाहो जियौ।।९।।

ॐ ह्रीं अष्टकर्मविनाशकसिद्धपतिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(चाल पंचमंगलकी)

तीन लोक त्रिय शत तेताली, घनाकार ताके मधि नाली।
चौदह राजू त्रस तहाँ होई, चारों गति रचना मधि सोई।
अधो भाग नर्क सात बताये, मध्यमें नर तिरयंच सुगाये।

गाये जु ऊपर देव थानक, उर्ध्वको फिर सिधशिला।।
ता ऊपरे सिद्धदेव राजे, पवन इकथलमें मिला।
ते कर्म काटि सुवाट जावै, ते सकल इस थल रहैं।
रहैं काल अनंत सुथिर ताहीं, फैरि भव-तन ना लहैं।।१।।

एक एक शिव थानक माहीं, सिद्ध रहै हैं अनंता ठहीं।
भिन भिन रहै मिलै नहि कोई, द्रव्य गुण परजै निज निज सोई।
सबही चेतन गुण बहु धारैं, सुखमय तिष्टत अघ अरि जारैं।।

जारैं जु आठों कर्म भवदा आठ गुण परकाशये।
तिन ज्ञानमें त्रय लोक घट पट आनिकै सब भासये।
ते नमो सब सिद्धचक्र उर धरि तास फल शिवथल लहों।
और थुति फल नाहिं वांछा नाहिं अन मुखते कहों।।२।।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धपरमेष्ठिभ्यः पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इति सिद्धपूजा समाप्त।

आचार्य पूजा

(दोहा)

गुण छत्तीस जिन ढिग रतन, भव वन संकट टार।
नमों चरन तिनके सही, तिन गुण जाचन सार।।१।।

ॐ ह्रीं षट्त्रिंशद्गुणसहिताऽऽचार्य परमेष्ठी! अत्रावतरावतर संवौषट् आह्वानम्।
ॐ ह्रीं षट्त्रिंशद्गुणसहिताऽऽचार्य परमेष्ठी! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं षट्त्रिंशद्गुणसहिताऽऽचार्य परमेष्ठी! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सं०

(चाल छन्द)

जे सबतें करुणा आने, सो उत्तम क्षमाकों जाने।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई।।१।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो मान रंच नहिं लावैं, सो मार्दव गुणको पावैं।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई।।२।।

ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जाके उर माया नाहीं, सो आर्जव भाव कहाहीं।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई।।३।।

ॐ ह्रीं उत्तमआर्जवधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तन जावो तो भले जाई, ते झूठ न कहहिं कदाई।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई।।४।।

ॐ ह्रीं सत्यधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जाके उर वांछा नाहीं, सो निर्मल शौच कहाहीं।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई।।५।।

ॐ ह्रीं शौचधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इन्द्री वशि प्राण को राखै, सो संजम दो विधि भाखै।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई।।६।।

ॐ ह्रीं द्विविधसंयमधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो द्वादश विधि तप ल्यावै, परनति नहिं खेद लगावै।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई ।।७।।

ॐ ह्रीं द्वादशतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पर द्रव्य नहीं अपनावै, सो त्याग धर्म चित भावै।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई ।।८।।

ॐ ह्रीं त्यागधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो अंतर बाहिर नागा, सो आकिंचन भय भागा।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई ।।९।।

ॐ ह्रीं आकिंचनधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

निज पर तियको शुभ त्यागी, सो ब्रह्मचर्य अनुरागी।
ते आचारज सुखदाई, सो पूजों अर्घ चढाई ।।१०।।

ॐ ह्रीं ब्रह्मचर्यधर्मसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(कड़खा छन्द)

एक दोय चार षट् अष्ट दिन पख लगौ, खान पानी तनो त्याग ल्यावै।
मास द्वै एक षट् चार बरसी भलौ, धीर तजि अशन उरसा सो ध्यावैं ।।
इनहि आदिक तिको वास दुद्धर करै, नाहिं परनति विषै खेद आनै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै ।।११।।

ॐ ह्रीं अनशनतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भूखते अर्द्ध खावैं तथा भाग त्रिय, भाग चौथा भखै व्रतधारी।
एक द्वै ग्रास लै भाव समता धरै, तास ते जाय अघ सूर हारी ।।
नाम ऊनोदरी व्रत्त याको कह्यौ, तासके धार गुरु जगत जानै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै ।।१२।।

ॐ ह्रीं ऊनोदरव्रतसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धरै जो वृत्त तामै महा दृढ रहै, रोजकी तास परमान ल्यावै।
तासकूं याद रखि सकल कारज करै, नेम परमान ता विधि निभावैं ।।

खान अरु पान गमनादि सब राखिले, नाम संखया व्रति सूर आनै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१३।।

ॐ ह्रीं वृत्तिपरिसंख्यानतपधारकाऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

रोज षट् रस विषै रसनको त्यागि है, सब रसा नाहिं इक बार खावै।
मोहबल विषै विनराग चित्त राखि है, नाहिं रसना वशी आप आवै।।
भोग अछ-रसन तजि, आप भोगी भयौ, रैन दिन ध्यान धेमांहि आने।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१४।।

ॐ ह्रीं रसपरित्यागव्रतधारकाऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जाहि आसन थकी धीर तहँ थिति करै, तास विधि लौ नहीं ठाम छोरै।
काल जेते तनो नेम धारे बुधा, बार तेति वपू प्रीति तोरैं।।
देव खग नर पशु कृत जो दुःख मिलै, तोहु ते धीर नहीं दुःख मानैं।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१५।।

ॐ ह्रीं विविक्तशय्यासनसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तन विषै खेदकों निमित्त जो विधि मिलै, सोहि विधि ठानि समभाव ल्यावै।
त्याग तनको किये वृत्त ऐसो बनै, मोह बसि जीव इह नाहिं पावैं।।
वीतरागी बिना व्रतको शिर धरै, राग जुत जीव तो हारि भानै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१६।।

ॐ ह्रीं कायक्लेशतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

बोल परमाद वशि दोष परनति विषै, तथा चल-हलतको पाप लागै।
तासको छेद कारन लहै दंड मुनि, धीरता देखि अघ नाहिं जागै।।
आपही आपको दंड लेते मुनि, तथा गुरु पास लै सरल जानैं।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१७।।

ॐ ह्रीं प्रायश्चित्ततपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आपते गुनी तिनको विनै जे करै, ते महाव्रतको ओप ल्यावैं।
बिगर नमनी किये हानि सब गुणनकी, तासते देखि बुधि मान ढावैं।।

सकल संजम तनी बाहि दिढ है यहै, जतनतें ते गुणी याही आनै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१८।।

ॐ ह्रीं विनयतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आप ते महंत गुणधार हैं जे यति, तथा श्रुत देव महा सुखदाई।
तिनहि बंदगी रूप परनति जानिये, सो वैयावृत्य बानि गाई।।
वृत ऐसो बनै मोक्षमारग लहै, होय मन्द मोह यह रीति ठानै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।१९।।

ॐ ह्रीं वैयावृत्यतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

रैन दिन वानि जिन पाठ मुखते करै, तथा उपदेश दे हरष लाई।
उर विषै वानि जिन सदा चिन्तवन करै, रहे जिन-आणिमें भक्ति भाई।।
करै गुरु पास परसन विने ठानि के, इह विधि पांच स्वाध्याय आनै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।२०।।

ॐ ह्रीं स्वाध्यायतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

त्याग तनको करे व्रत ऐसो धरैं, सूर उपसर्ग ते नाहिं भागै।
लिखे कर्मके ठाट दुःख सुख सहै जगत मैं, छांडि परमोह निज मांहि जागै।।
राग तन मांहि सो दिढ तपा नाहि व्युत-सर्ग तप धारि तन प्रीति हानै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।२१।।

ॐ ह्रीं व्युत्सर्गतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मन वचन काय त्रिय जोग इक ठाम करि, आप सुध ध्याय परभाव त्यागै।
तथा देव अरहंत परमेष्ठि सिद्धके, गुन तनी माल शुभ भाव लागैं।।
रोक चित मृग शुभ ध्यान-जाली विषै, एक थल राखि शिव ठहि आनै।
जीयके धीर व्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै।।२२।।

ॐ ह्रीं ध्यानतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कहे तप अंतर बाहिर करी द्वादश, धारै तन त्याग विनराग ध्यावै।
जीव रागी विषै चाह ताकी रहै, सो नहीं इन दसी भाव ल्यावै।।

यहै जानि रागी विना रागकी पारिखा, ठानि तप धारि ते धीर आनै।
जीयके धीर ब्रत धार आचार्य हैं, नमों तिन चरन फल पाप भानै ।।२३।।

ॐ ह्रीं द्वादशतपसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

षट् आवश्यकके अर्घ

(पद्धरी छन्द)

जे षट् आवसि धारै सदीव, ते शुद्ध सरूपी होय जीव।
गुण धारि, जारि कर्म आठ वीर, निज तिरैं और तारक सुधीर ।।२४।।

ॐ ह्रीं षटावश्यकसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सब जीव तरस थावर सुजान, समभाव सकल पै चित्त ठानि।
तजि आरति रुद्र सुभाव सोय, समता उर सो सामाय होय ।।२५।।

ॐ ह्रीं सामायिकावश्यकसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अरहंत सिद्ध आदिक महंत, तिनकी थुति नित मुनिवर करंत।
उर निरमल करि शुद्ध भाव ठान, ता फल पावै सिद्ध लोक थान ।।२६।।

ॐ ह्रीं स्तवनावश्यकसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ते शुद्ध भाव कारन महान, वंदन विधि करि हैं देव थान।
तातें अघ रज धोवै सुवीर, ता फल पावैं भव समुद्र तीर ।।२७।।

ॐ ह्रीं वंदनावश्यकसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिके मन वच तन दोष लाय, सो दूरि करे प्रतिक्रमण भाव।
उर आलोचन करि शुद्ध होय, ते सूर नमो मद टारि जोय ।।२८।।

ॐ ह्रीं प्रतिक्रमणावश्यकसहिताऽऽचार्यपसमेष्टिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मन वच तन अघ विधि त्याग होय, लखि आवसि प्रत्याख्यान सोय।
ये करै रोज आचार्य जान, ता फल चिंतै अघ होय हान ।।२९।।

ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानावश्यकसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तन त्याग होय थिर थान सोय, कायोत्सर्ग आवसि कर्म होय।
ये करै रोज आचार्य मान, ताबलि चिंतै अघ होय हान ।।३०।।

ॐ ह्रीं कायोत्सर्गावश्यकसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचाचारके अर्घ

(सोरठा)

शुद्धपदारथ भाव, जाने गुण परजै सकल।
ताकरि होय शिवराव, ज्ञानाचार सो जानिये ।।३१।।

ॐ ह्रीं ज्ञानाचारसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सकल पदारथ सोय, देखै शुद्ध करि सरदहैं।
तातैं शिवसुख होय, सो दर्शनआचार है ।।३२।।

ॐ ह्रीं दर्शनाचारसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

छांडै सकल कषाय, गुपति समिति व्रत आदरे।
वरतै नगन सुभाय, सो चारित्राचार है ।।३३।।

ॐ ह्रीं चारित्राचारसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म हरनके काज, वीरज फोरै आपनो।
तप संजम बहु साज, सो वीरजआचार है ।।३४।।

ॐ ह्रीं वीर्याचारसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वादश विधि तप ठानि, समता भावन परनवै।
सो करि है कर्म हानि, तपाचार सो जानिये ।।३५।।

ॐ ह्रीं तपाचारसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठीभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन गुप्तियोंके अर्घ

(गीता छन्द)

मन चपल है करि कौन ऐसो कपि तने पदकूं लहै।
ताकी विकलता लहर दधि ज्यों जगत-जिय वशि ना रहै ।।
ते धन्य गुरु वशि कियौ याकूं आप या वशि ना रहै।
मन गुप्ति याकूं जानि भवि जन या फलै शिव सुर ठहै ।।३६।।

ॐ ह्रीं मनोगुप्तिसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वचन निज वशि राखि भाषत जिन तनी बानी कहै।
परमाद वच कबहू न भाखै ता थकी जिय अघ लहै।।
इह वचनगुप्ति सदीव आचारज जिको पावै सही।
मन वचन तन वसु द्रव्य ले करि पद जजों इनके सही।।३७।।

ॐ ह्रीं वचनगुप्तिसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जो काय अपने हाथ राखै चपलता मेटे सही।
परमाद टारि सुधारि थिरता जारि अघ ले शुभ मही।।
लखि कायगुप्ति सुनाम याकों सदा आचारज करै।
ते धीर या फल जारि सब कर्म मुक्ति सी रमनी वरै।।३८।।

ॐ ह्रीं कायगुप्तिसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म दस विधि बरत बारह गुपति तीन बखानिये।
आचार पाँचौ महासुन्दर आवसि षट् शुभ मानिये।।
इह गुण छत्तीसों धरें सोही सूर आचारज कहै।
तिन चरन कमल सुद्रव्य वसु लै जजों मन वच तन वहै।।३९।।

ॐ ह्रीं षट्त्रिंशद्गुणसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

आचारज गुण आरती कहूं हिये थुति आनि।
ताकूं, नमि पुनि फल लहै होय पापकी हानि।।१।।

(पद्धरी छंद)

उत्तम छिमा क्रोध भट मारयौ, मार्दव मान जिसौ अरि टारयौ।।
आर्जव माया कुटनी टारी, सत्पथ की सब झूठ निवारी।।२।।

शौच सकल उरको शुचि कीनौ, संजमतें अव्रत जय लीनौ।।
तप तपि सकल पाप निरवारै, त्याग भाव परतें परवारै।।३।।

आकिंचन परिग्रह परिहारै, ब्रह्मचर्य तिय भाव निवारै ।।
येही धर्म दसों सुखदाई, अब मुनि द्वादश तप मन लाई ।।४।।

अनशन वास तनी विधि सोहि, अवमोदर्य खान तुछ होही ।।
वृत्तिपरिसंख्या नित व्रत ठानै, रसपरित्यागी रस नहि जानै ।।५।।

विविक्त शय्या थल दिढ होहै, कायकलेश कष्ट विधि जोहै ।।
ये तो बाह्य तने षट् जानो, अब षट् अंतर तप सुनि कानो ।।६।।

प्राछित लगै दोष कूं टारै, बिनै बड़ोंकी नमन सु धारै ।।
वैयावृत गुरु को, सुख ठानै, सो स्वाध्याय बानि मुख आने ।।७।।

ब्युतसर्ग काय त्याग विधि होई, ध्यान धर्म मन चिंतै सोई ।।
अब सुनि षट् आवसिकी बातैं, तातें होय महा शुभदा तैं ।।८।।

सामायिक सबतें समभावा, स्तवन जिन-सिधकौ थुति चावा ।।
वंदन सो जिनकौ शिर नावै, प्रतिकर्मनतें पाप मिटावै ।।९।।

प्रत्याख्यान त्याग सो जानो, कायोत्सर्ग तनत्याग बखानो ।।
अब सुनि पंच अचार सुभाई, तिन बल बहु जीवन शिव पाई ।।१०।।

ज्ञानाचार ज्ञान विधि ठानै, दरसन सो दरसन विधि आनै ।।
चारित चारु चरित विधि लावै, तपाचार तप रीति करावै ।।११।।

वीर्याचार पुरुषारथ जानौ, अब सुनि तीनो गुपति बखानो ।।
मन वच तन वशि राखै सोई, गुपति नाम जाने भवि होई ।।१२।।

(दोहा)

इन छत्तिस गुण सहित जो, नमो सूर मन लाय ।
ताके गुण पावन निमित, भव भव होय सहाय ।।१३।।

ॐ ह्रीं षट्त्रिंशदगुणसहिताऽऽचार्यपरमेष्ठिभ्यो महाऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

(इति आचार्य पूजा समाप्त)

उपाध्यायजी की पूजा

(दोहा)

अंग पूर्व धारक मुनि नमो तास पद जान।
ता फल अघ मिटि शुभ बनै लहै शुद्ध शिव थान।।

ॐ ह्रीं उपाध्यायपरमेष्ठिन्! अत्रावतरावतर संवौषट् इति आह्वानम्।

ॐ ह्रीं उपाध्यायपरमेष्ठिन्! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं उपाध्यायपरमेष्ठिन्! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(सोरठा)

चौदह पूरब सार, एकादश अंग जुत सही।
ये पच्चीस गुण धार, होय उपाध्या सो नमों।।१।।

ॐ ह्रीं पञ्चविंशतिगुणसहितोपाध्यायपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ग्यारह अंगके अर्घ

(मरहठा छन्द)

आचारंग मैं इम वरनायौ सुनो भविक चित आनि।
काज सकल ही करौ जतनतें महा शुद्ध उर जानि।।
या अँग रहस सकल ही पावै उपाध्याय है सोय।
तिनके पद वसु द्रव्य थकी भवि पूजो मन वच जोय।।२।।

ॐ ह्रीं आचारांगज्ञानसहितोपाध्यायपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सूत्र कृतांग दूसरों अंग है तामैं इम व्याख्यान।
धर्म तनी किरिया सब यामें भाखी है भगवान।।
या अँग रहस सकल ही पावै उपाध्याय है सोय।
तिनके पद वसु द्रव्य थकी भवि पूजो मन वच जोय।।३।।

ॐ ह्रीं सूत्रकृतांगज्ञानसहितोपाध्यायपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जानो तीजो अंग सथाना तामधि जीवके थान बताय।
येक दोय आदिक उगनीसों चौंसठ षट् जिय ठाम सुपाय।।

या अँग रहस सकल ही पावै उपाध्याय है सोय।
तिनके पद वसु द्रव्य थकी भवि पूजो मन वच जोय।।४।।

ॐ ह्रीं स्थानांगज्ञानसहितोपाध्यायपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

है समवाया अंग चतुर्था यामधि वस्तु सकल सम गाय।
धर्म अधर्म द्रव्य सम भाखे जगत जीव सम सम सिध भाय।।
या अँग रहस सकल ही पावै उपाध्याय है सोय।
तिनके पद वसु द्रव्य थकी भवि पूजो मन वच जोय।।५।।

ॐ ह्रीं समवायांगज्ञानसहितोपाध्यायपरमेष्ठिभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

